Date: / /20
Page:

# Starting of seven days camp

23/12/2023




महाविद्यालय की एन.एस.एस. ईकाई एक और दो के द्वारा सात दिवसीय वार्षिक शिविर का आयोजन किया गया।

Theme - "स्वच्छता ही सेवा"

Date: / /20
Page:

गोविंद वल्लभ पंत मैमोरियल कॉलेज
रामपुर बुशैहर, जिला शिमला - 172001

विद्यार्थियों मे राष्ट्रनिर्माण एवं सहयोग की भावना जागृत करने के लिए महाविद्यालय मे कार्यक्रम अधिकारी डॉ विपन शर्मा और प्रोफेसर रंजू नेगी के नेतृत्व मे दो इकाईयॉं कार्यरत है। इसमे 200 अधिक स्वयंसेवक पंजीकृत है।

आज दिनांक 23 दिसम्बर 2023 से 29 दिसम्बर 2023 तक सात दिवसीय वार्षिक शिवीर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे लगभग 100 स्वंयसेवकों ने भाग लिया। इस शिविर का सम्पूर्ण आयोजन, संचालन तथा स्वयंसेवकों का मार्ग दर्शन डॉ विपन शर्मा और प्रोफेसर रंजू नेगी द्वारा किया गया।

Program officer Unit 1 and 2

Principal

Principal
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College.
Rampur Bushahr (H.P.)

Date: / /20
Page:

# दिवस-1

23/12/2023




महाविद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज बसोत्रिया के द्वारा सात दिवसीय शिवीर का उद्घाटन किया गया तथा सभी स्वयसेवियो को 5 समूहो मे बांटा गया।


Principal
G. B. Pant M...
Govt. Degree College,
Rampur Bushahr H.P.

Date : / /20
Page :

दिवस 1

23 दिसम्बर 2023

शिक्षक और सड़कें दोनों एक जैसे होते हैं खुद वहीं पे रहते हैं मगर दूसरों को उनकी मंजिल तक पहुंचा देते हैं।

आज राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का प्रथम दिन है उत्साह से परिपूर्ण सभी विद्यार्थी सुबह 10 बजे महाविद्यालय में एकत्रित हुए। Program officer डॉ विपिन शर्मा और प्रो० रन्धु वाला हमारे साथ उपस्थित रहे।
इसके पश्चात उद्घाटन का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसके मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० पंकज वशिष्ठ, उप प्राचार्य प्रो० विद्या बन्धु नेगी और प्रो० राजेश सर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को शुरू करते हुए Program officer डॉ० विपिन शर्मा सर द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। मुख्यातिथि द्वारा सेवा कैंप की लीडर स्वयंसेवियों को पुरस्कृत किया गया। सभी स्वयं सेवियों के साथ उन्होंने अपना अनुभव साझा किया। प्राचार्य महोदय ने अपने विचारों तथा अपने वचनों के द्वारा हमें जीवन के प्रति प्रोत्साहित किया और शिविर के लिए शुभकामनाएँ दी। इसके पश्चात प्रो० रन्धु वाला मैम ने मुख्यातिथि महोदय का धन्यवाद किया। और सात दिवसीय शिविर का संक्षिप्त रूप से जानकारी दी। इस शिविर का आयोजन महाविद्यालय में होना है तो कल सभी स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय में रुकने का प्रबंध किया। शाम को 4 बजे तक लकड़ियों और अन्य सामान एकत्रित करने के पश्चात हमने खाद्य सामग्री का प्रबंध किया भोजन पकाने के लिए बर्तन साफ किए। इसके अतिरिक्त 6 दिनों में होने वाली गतिविधियों को सुनिश्चित किया और "Not Me But you" संदेश से जागरूक स्वयं सेवियों ने मिलकर कार्य

23/12/23




स्वंयसेवियो के द्वारा रात के खाने व ठहरने का प्रबंध किया गया।

करने के लिए कार्य प्रणाली बनाई। सभी स्वयंसेवियों को अच्छी तरह से कार्य करने के लिए व प्रतियोगिता और रस सद्भाव में रहने के लिए उन्हें ८ समूहों में बांटा गया। जिनके नाम सेवा, सद्भाव, समानता, एकता अनुशासन रखा गया।

७:३० बजे सभी स्वयंसेवियों ने खाना खाया और और फिर आराम करने के लिए हॉस्टल की ओर प्रस्थान किया।

Program officer NSS unit I & II

Principal

Principal
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College,
Rampı ·shahr (H.P.)

# Day - 2

24/12/2023







महाविधालय परिसर में स्वंयसेवि
के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाना
गया।

2nd Day

24 Dec. 2023

प्रात: काल सभी स्वयंसेवी 6:00 बजे उठे और स्नान इत्यादि करके 7:00AM कॉलेज मैदान में एकत्रित हुए।

(1) सबसे पहले सभी की attandance हुई।

(2) उसके बाद Morning Prayer (गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र) हुए।

(3) उसके बाद व्यायाम सभी विद्यार्थियों द्वारा किया गया "उठो जागो, तब तक चलते रहो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो।"

REPORT - आज camp का दूसरा दिन है। आज College Campus के पिछली ओर सफाई की गई।

सभी Groups एक साथ मिलकर कार्य कर रहे थे। College का सारा कूड़ा-कर्कट साफ किया गया। साथही उसे गड्डे बनाकर College Campus से दूरी पर डालकर उन्हें भर दिया गया। झाड़ियां इत्यादि काटी गई। 5 समूहों में बंटे स्वयंसेवियों ने पूरे College की सफाई की जिनमें से एक समूह खाना बनाने के कार्य पर था।

कुछ देर आराम करने के पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने खाना खाया इसके अतिरिक्त सभी स्वयंसेवियों ने Auditorium के साथ वाले मैदान में उपस्थित गंदगी व गिरे हुए सभी पत्ते साफ किए और पूरे मैदान में झाड़ू मारकर मैदान को सुंदर बनाया गया। शाम के समय सभी ने भजन गाए, Games खेले। इसके पश्चात सभी ने खाना खाया और सोने के लिए चले गए।

Principal
G.B. Pant Memorial
Govt. Degree College
Rampur Bushahr

Program officer NSS Unit I & II

Principal

25/12/2023






# Day - 3

स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा थीम पर रैली का आयोजन किया गया। रामपुर के मुख्य बाजार में स्वयंसेवियों ने कचरे को एकत्रकर इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

Principal
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College,
Rampur Bushahr (H.P.)

3RD DAY

25 Dec. 2023

"वेद से बड़ा शास्त्र नहीं, माता के समान गुरु नहीं, धर्म से बड़ा लाभ नहीं व उपासना से बड़ी कोई तपस्या नहीं।"

महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई I व II द्वारा आयोजित वार्षिक सात दिवसीय विशेष शिविर जो "स्वच्छता ही सेवा" थीम पर आधारित है, उसके तृतीय दिवस पर स्वच्छ भारत मिशन की मुहिम का प्रचार-प्रसार तथा स्वच्छता जागरूकता व आत्म अनुशासन के संदेश को सार्थक बनाने के लिए कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में रैली का आयोजन किया गया। सभी स्वयंसेवियों द्वारा अपने उत्साह का परिचय देते हुए "NSS का एक ही नारा स्वच्छ भारत देश हमारा" "भाइयों-बहनों कष्ट करो कूड़े को नष्ट करो" नारों के माध्यम से 'स्वच्छता ही सेवा' का संदेश दिया। 'स्लोगन पोस्टर' व नारों की गूंज सभी के आकर्षण का केंद्र बनी। रामपुर बुशहर के मुख्य बाज़ार में सभी स्वयंसेवियों ने (Non-biodegradable Waste) को एकत्रित कर स्वच्छता में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर स्वच्छ की। इस रैली का आरंभ सुबह 11 बजे रामपुर महाविद्यालय परिसर से हुई। रामपुर बाजार से होते हुए वापिस परिसर पहुँचे। जिसमें 100 स्वयंसेवियों द्वारा अपनी सहभागिता सुनिश्चित की गई। यह रैली रामपुर बाज़ार से होती हुई वापिस परिसर पहुँची।

इसके साथ ही आज Evening Session में आज के (Resource Person) Dr. 'सतपाल खूंद' सर ने स्वच्छता के बारे में हमें आवश्यक जानकारी दी। तत्पश्चात Team Building, Games व Competition का आयोजन किया जो स्वयंसेवियों के मध्य

25/12/2023




शाम के समय Resource person डॉ. संत सतपाल खुद ने स्वच्छता के बारे में आवश्यक जानकारी दी।

Sajal
Date: / /20
Page:

सहभागीता व खेल सद्भावना के गुणों को निखारने का प्रयास था।
सभी ने खाना खाया और विश्राम किया।

Programme Officer NSS unit I & II

Principal
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College,
Rampur Bushel, H.P.

Principal.

26/12/2023












## Day- 4






4th Day

Date: / /20
Page:

" अध्यापक वह दीप है जो स्वयं जलकर दूसरों को रोशनी देता है।"

आज सुबह प्रातःकाल में सभी स्वयंसेवी 7 बजे महाविद्यालय के प्रांगण में एकत्रित हुए। सभी विद्यार्थी (स्वयंसेवी) प्रभात फेरी के लिए मंदिरों की तरफ रवाना हुए।

भजन गाते हुए सभी स्वयंसेवी भक्तिभाव में लीन हो गए।

सर्वप्रथम हम संकटकालीन हनुमान मंदिर गए तत्पश्चात शिव मंदिर और सत्यनारायण मंदिर गए। 8:30am में सभी स्वयंसेवी महाविद्यालय पहुँच गए और अन्य कार्य किए।

आगे की प्रक्रिया को आरंभ करते हुए स्वयंसेवियों के चार समूहों को विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का कार्य सौंपा गया। स्वयंसेवियों ने विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और N.S.S. इकाई द्वारा इसक्षेत्र में क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किया।

जिसमें : समूह ① (सेवा) - उत्कृष्ट कन्या विद्यालय G.S.S.S. Boys School गए।

समूह ② (सद्भाव) - Public School Khanari, Edurcat Chati

समूह ④ (एकता) - Sunshine Public School और Sai Vidya School गए।

समूह ⑤ (अनुशासन) - Dev Bhumi और Shining Star

समूह ③ (समानता) - को भोजन व्यवस्था का कार्य सौंपा।

अपना कार्य पूरा करने के पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने मिलकर खाना खाया। 4 बजे Resource Person प्रो. योजना सैम, प्रो. विद्या बंधु सर हमारे मध्य आए।

26/12/2023








स्वयंसेवियों के विभिन्न समूहों को अलग - अलग विद्यालयों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का अभियान दिया।

Date: / /20
Page:

बिद्या बंधु सरने स्वच्छ भारत मिशन एवं जीवन की दिनचर्या के विषय में प्रकाश डाला। प्रो. योजना मैंस ने लड़कियों के विकास एवं उचित पोषण के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की।

सभी स्वयंसेवियों ने उनका धन्यवाद किया और लक्ष्यगीत गाकर आज के दिवस का समापन किया।

Program Officer NSS - Unit I & II

Principal

Principal
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College,
Rampur Bushahr

# Day - 5

27/12/2023







Resoure person Managing Director of .. spring leadership accadmy Mr. Prakash [illegible] के द्वारा स्वयंसेवियों को Technology leadership और communication skill के विषय में जानकारी दी गई।

5th Day

Sajal
Date: / /20
Page:

27-12-2023

मैदान में हारा हुआ इंसान तो जीत सकता है। पर मन से हारा हुआ इंसान कभी नहीं जीत सकता।

आज राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का 5वाँ दिन है। उत्साह से परिपूर्ण सभी स्वयंसेवियों ने Drill की। सात बजे एकत्र होकर योगा किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने खाना खाया। सभी ने उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। जिसमें Unit I, II के Program officers Dr. Vipan Sharma Sir & Proff. Ranju Bala ma'am ने गाना, गजल प्रस्तुत कर चार चाँद लगा दिए। उसके बाद हमारे मध्य Managing Director of spring Leadership of Rampur bus. Mr. Prakash Dogra Sir आए। सर ने हमें Technology, Leadership और Communication skill के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने बताया कि किस तरह से A I आज के समय में उपयोगी और बुरी सिद्ध हुई। उसके बाद सभी स्वयंसेवियों ने motivational movie (हारा वही जो लड़ा नहीं) 12th fail देखी और अपने जीवन में नए उत्साह का अनुभव किया।

Programe Officer NSS Unit - I & II

Principal

Principal
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College,
Rampur Bushahr (H.P.)

# Day - 6

28/12/2023




28/12/2023




Resourse person Dr. Anil Shrama from Department of Animal Husband के द्वारा स्वयंसेवियों को waste management के बारे में बताना।

6th Day

28 Dec., 2023

"मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से कुछ नहीं होता हौंसलों से उड़ान होती है।"

आज N.S.S वार्षिक शिविर का 6th Day था। इस दिन सभी स्वयंसेवी सुबह 7 बजे महाविद्यालय में एकत्रित हुए और सभी ने योगा व ड्रिल की। इसके पश्चात सभी स्वयं सेवियों ने खाना खाया 11 बजे सभी स्वयंसेवी Lecture Section के लिए L.H. 35 में एकत्रित हुए। इस Section के Resource Person :- Mitesh Yadav (Senior Manager HR). थे। जिन्होंने हमें Leadership Communication के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी दी।

इसके पश्चात दूसरा Lecture Section 1 बजे शुरू हुआ जिसमें हमारे Resource Person Dr. Anil Sharma from Department of Animal Husbandry से आए थे। जिन्होंने हमें Waste management विषय पर एक वक्तव्य प्रस्तुत किया तीसरा वक्तव्य शाम 4 बजे HOD Economics Prof. Anil Verma द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिन्होंने हमें संस्कार शिक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने खेलों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा अपना मनोरंजन किया।

Programme Officer NSS - Unit I & II

Principal

Principal
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College,
Ram... (H.P.)

29/12/2023 Day-7

Date: / /20
Page:






7th Day 27 Dec. 2023

"संस्कारों से बड़ी कोई वसीयत नहीं और ईमानदारी से बड़ी कोई विरासत नहीं।"

आज N.S.S. वार्षिक शिविर का 7वाँ एवं अंतिम दिन था। सुबह सभी स्वयंसेवी नियमानुसार 7 बजे महाविद्यालय में उपस्थित हुए और योगा किया। क्योंकि आज सात दिवसीय वार्षिक शिविर का अंतिम दिवस था तो सभी स्वयंसेवियों ने शिविर में उपयोग किए जाने वाले सामान को एकत्रित किया। स्वयंसेवियों ने खाना बनाने वाले बर्तनों को एकत्रित कर उन्हें सही स्थान पर पहुँचाया तथा अपने बिस्तर Hostel से महाविद्यालय में पहुँचाए और रसोई बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले टैंट को उतारा और college में सफाई की। तत्पश्चात हमारे मध्य महाविद्यालय के प्राचार्य Dr. Pankaj Basodia उपस्थित हुए। प्राचार्य महोदय ने कार्यक्रम का समापन करते हुए स्वयंसेवियों द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की एवं उन्हें उत्साहित किया। डॉ॰ विपिन शर्मा सर ने सभी स्वयंसेवियों के उत्साह का वर्णन करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। तत्पश्चात सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्राचार्य महोदय के सामने प्रस्तुत की। प्रो॰ रेनू बाला मैम ने सभी स्वयंसेवियों के कार्य की प्रशंसा की एवं राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व समझाया।

स्वयंसेवियों ने प्राचार्य महोदय का धन्यवाद किया एवं लक्ष्यगीत गाकर दिन का समापन किया।

Programe Officer NSS unit-I & II

Principal
Padam Pant Memorial
Govt. Degree College,
Rampur Bushahr (H.P.)

Principal.